<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–24 सितम्बर 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कल मथुरा–वृन्दावन के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में : अपर मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक ने की तैयारियों की समीक्षा।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में प्रदान किए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार। मोहनलाल को मिला सिनेमा जगत का सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नोएडा में करेंगे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटनः एसपीजी और एयरफोर्स ने आयोजन स्थल पर की हेलीकॉप्टर लैंडिंग की मॉक ड्रिल।
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ 2025–26 के लिए प्रदेश में उड़द और तूर की शत–प्रतिशत खरीद को दी स्वीकृति।
- शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की हो रही पूजा–अर्चना।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कल को मथुरा–वृन्दावन के प्रस्तावित एक दिवसीय दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। कल अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मथुरा पहुंचकर तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मभूमि और श्री कुब्जा कृष्ण मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था देखी और अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनज़र सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

***राष्ट्रपति महोदया का यहां पर पच्चीस तारीख को विजिट है और इसी सिलसिले में जो सुरक्षा व्यवस्था है उसका जायजा लेने के लिए चीफ सेक्रेटरी साहब और वे यहां पर आए हुए हैं और सभी स्थानों पर जहां जहां पर महामयी का विजिट है उसका निरीक्षण और सुरक्षा व्यवस्था देते हैं। जो मानक है उनके हिसाब से सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है और पूर्ण सुरक्षित तरीके से कार्यक्रम होगा।***

राष्ट्रपति वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर, निधिवन और मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि के अलावा अंतापाड़ा स्थित कुब्जा–श्रीकृष्ण मंदिर में दर्शन करने पहुंचेंगी।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में वर्ष 2023 के 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किए। एक रिपोर्ट –

**महान अभिनेता, निर्देशक और निर्माता, मोहनलाल को सिनेमा क्षेत्र का सर्वोच्च सम्मान, दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार हिंदी फिल्म ट्वेल्थ फेल को, सर्वश्रेष्ठ हिंदी फीचर फिल्म का पुरस्कार कटहलः ए जैकफ्रूट मिस्ट्री को और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार संयुक्त रूप से शाहरुख खान को फिल्म जवान के लिए और विक्रांत मैसी को ट्वेल्थ फेल फिल्म के लिए संयुक्त रूप से दिया गया। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार अभिनेत्री रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे फिल्म के लिए दिया गया। शिल्पा राव को फिल्म जवान के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका और पीवीएनएस रोहित को तेलुगु फिल्म बेबी के लिए सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक का पुरस्कार मिला है। समाचार कक्ष से शशांक कुमार।**

**********

ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तृतीय संस्करण को लेकर तैयारियां चल रही हैं। इस ट्रेड शो का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होना प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनजर कल एसपीजी और एयरफोर्स ने मिलकर मॉक ड्रिल की, जिसमें एयरफोर्स के हेलीकॉप्टरों ने एक्सपो मार्ट में लैंडिंग की।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में भाजपा द्वारा आत्मनिर्भर भारत–स्वदेशी संकल्प विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी से स्वदेशी अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वदेशी सिर्फ एक नारा नहीं बल्कि विकसित भारत के सपने को साकार करने का माध्यम है।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि यात्रियों की सुविधा के लिए दीपावली और छठ पर्व के दौरान बारह हजार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जाएँगी। नई दिल्ली में श्री वैष्णव ने कहा कि ये विशेष रेलगाड़ियाँ पहली अक्टूबर से 15 नवंबर के बीच चलेंगी। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष दिवाली और छठ पर्व के दौरान सात हजार 750 विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई गई थीं।

**********

मिशन शक्ति के पांचवें चरण के तहत प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कल इटावा के जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा उन्नति यादव को एक दिन का जिलाधिकारी बनाया। इस दौरान छात्रा ने कहा कि वह भविष्य में समाज के हर वर्ग की मदद करना चाहती हैं।

***मुझे बहुत अच्छा लग रहा है मेरे माता पिता को भी मुझ पे गर्व हो रहा होगा मैं इन्हीं की तरह कार्य करुँगी जिस गाँव में जो भी समस्या होगी मैं उसका समाधान निकालूंगी और जो गरीब लोग हैं उनको जो भी चीज़ की समस्या होगी उनकी सहायता करुँगी।***

**********

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ 2025–26 के लिए प्रदेश में प्रमुख दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीद को मंजूरी प्रदान कर दी है। कृषि मंत्री ने प्रदेश के किसानों से उड़द और तूर की शत प्रतिशत खरीद को स्वीकृति दी है। साथ ही मूंग, तिल, मूंगफली की खरीद को भी स्वीकृति मिली है। उन्होंने किसानों के हित में पूरी खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और डिजिटल तरीके से सम्पन्न करने के भी निर्देश दिए हैं। श्री चौहान की अध्यक्षता में कल हुई वर्चुअल बैठक में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही और वरिष्ठ कृषि अधिकारी शामिल हुए।

**********

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके लोगों को काफी राहत प्रदान की जा रही है। एक रिपोर्ट–

**आम आदमी को राहत देने के लिए एयर कंडीशनर, डिशवॉशर और टीवी जैसे घरेलू इलेक्ट्रॉनिक सामानों पर कर की दर को 28ः से घटकर 18ः कर दिया गया है। त्यौहार के सीजन से पहले यह कदम घरेलू बाजार में मांग को बढ़ावा और उत्पादन क्षमता को और मजबूत करने वाला है। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए दिल्ली की निवासी वर्णिता ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इस कदम से मध्यम वर्ग और निम्न वर्ग के परिवारों के लिए सामान खरीदना और अधिक किफायती हो जाएगा। नये जीएसटी सुधारो के तहत यह युक्तिकरण परिवारों पर वित्तीय बोझ कम करेगा और उपभोक्ताओं को भी मजबूत करेगा। रोहन के साथ दृष्टि पुनियानी आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन मंत्र से अभिप्रेरित सरकार परिवर्तन और प्रगति की दिशा में लगातार काम कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज हम चर्चा कर रहे हैं कि मोदी सरकार ने किस तरह प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से भारत के युवाओं को सशक्त बनाया है। एक रिपोर्ट–

**ग्यारह वर्ष पहले, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की थी, तब उन्होंने देश के लाखों युवाओं के सशक्तिकरण का सपना देखा था। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 15 जुलाई, 2015 को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की शुरूआत की गई थी। यह योजना अब एक दशक लंबी यात्रा पूरी कर चुकी है। योजना के बारे में प्रधानमंत्री कहते हैं– लम्बे समय तक सरकारों स्किल डेवलपमेंट को लेकर ना वैश्विक गंभीरता थी और ना ही वैश्विक दूर दृष्टि । इसका बहुत बड़ा नुकसान हमारे नौजवानों को उठाना पड़ा। इंडस्ट्री में डिमांड होने के बावजूद नौजवानों में टैलेंट होने के बावजूद स्किल डेवलपमेंट ना होने से युवाओं के लिए नौकरी पाना अत्यंत कठिन हो गया था। हमारी सरकार है जिसे युवाओं में स्किल डेवलपमेंट की गंभीरता को समझा है। दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से आनन्द पाठक।**

**********

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान तेइस माह बाद कल सीतापुर जेल से रिहा हो गये। उन पर विभिन्न मामलों में छियानबे केस दर्ज हैं। अट्ठारह सितम्बर को हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद आजम खां की कल रिहाई हुयी।

**********

भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे चार दिवसीय टेस्ट मैच के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने नौ विकेट पर 350 रना लिए हैं। इसमें कप्तान नेथन मैक्स्वीनी ने 74 रन, जेक एडवर्ड्स ने 88 और सैम कोंस्टास ने 49 रनों का योगदान किया। दिन के अंत तक टूड मफी 29 रन और हेनरी टी 10 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। भारत की तरफ से मानव सुथार ने सर्वाधिक पांच विकेट हासिल किए।

**********

शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन आज मां दुर्गा के चन्द्रघंटा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रदेश भर के देवी मंदिरों में भोर से ही भक्तों की कतार लगी हुयी है। गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर स्थित शक्ति पीठ  विन्ध्याचल स्थित मां विंध्यवासिनी मंदिर, बलरामपुर स्थित देवीपाटन सहित सभी शक्तिपीठ और प्राचीन मंदिरों में देश–प्रदेश से श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिये पहुंच रहे हैं।

**********